भारत का पहला स्वदेशी AI मॉडल

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

भारत सरकार ने **IndiaAI मिशन** के तहत देश का पहला घरेलू **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** विकसित करने के लिये बंगलूरू स्थित स्टार्ट-अप सर्वम का चयन किया है।

- कंपनी तीन मॉडल वैरिएंट विकसित कर रही है: सर्वम-लार्ज (उन्नत तर्क), सर्वम-स्मॉल (वास्तविक समय अनुप्रयोग) और सर्वम-एज (कॉम्पैक्ट ऑन-डिवाइस टास्क)।
- सर्वम को 70 बिलियन पैरामीटर AI मॉडल बनाने के लिये IndiaAI मिशन के तहत छह माह के लिये **4,000** **ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (GPU)** प्राप्त होंगे।
    - AI मॉडल के **ओपन-सोर्स** होने का अनुमान नहीं है लेकिन इसे तर्क करने और भारतीय भाषाओं में धाराप्रवाह होने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- इसकी शुरुआत ऐसे समय में हुई है जब **चीन के डीपसीक मॉडल** (जो अपनी कम लागत और ओपन-सोर्स प्रकृति के लिये जाना जाता है) को वैश्विक AI बाज़ारों में काफी लोकप्रियता मिल रही है जिससे भारत के अपने स्वयं के AI बुनियादी ढाँचा स्थापित करने की आवश्यकता पर प्रकाश पड़ा है।
- **IndiaAI मिशन: इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के तहत वर्ष 2024 में स्वीकृत, IndiaAI मिशन का उद्देश्य भारत के AI पारिस्थितिकी तंत्र के ज़िम्मेदार तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।
    - IndiaAI मिशन में कंप्यूटर तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाना, डेटा की गुणवत्ता को बढ़ाना, स्वदेशी AI मॉडल विकसित करना, AI प्रतिभा को पोषित करना, उद्योग सहयोग को बढ़ावा देना, स्टार्टअप फंडिंग का समर्थन करना तथा नैतिक, सामाजिक रूप से इसकी प्रभावशीलता को बढ़ावा देना है।

और पढ़ें: IndiaAI मिशन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sarvam-to-build-india-s-first-indigenous-ai-model